# वर्ष 2020-21

## प्रगति आख्या

## कैलाशी महिला विकास समिति

## ग्रा0- ध्यानीपुर, पो0- लोहरा, जि0- आजमगढ़, उ0प्र0

कैलाशी महिला विकास समिति की स्थापना संविधान निर्माता डा० भीमराव अम्बेडकर जी के जयन्ती के शुभ अवसर पर वर्ष 2013 में समाज सेवा की भावना वाले पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के सर्वागींण विकास एवं समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करने के उद्देश्य से ही की गयी थी | यह संस्था सोसाइटी अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत निःशक्त व्यक्ति समान अधिकार, समान अवसर, पूर्ण भागीदारी 1995 की धारा 52, नीति आयोग तथा राष्ट्रीय न्यास की धारा 1999 के अन्तर्गत पंजीकृत अलाभकारी और गैर सरकारी संगठन है | वर्ष के दौरान संस्था के कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित है –

1. **राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली के कार्यक्रम :-**

इसके अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली के सहयोग से संस्था में निम्न कार्यक्रम कराये गये हैं –

A. **समर्थ- कम- घरौंदा आवासीय स्कूल :-**

इसके अंतर्गत संस्था द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2020-2021 में राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली के सहयोग से दिव्यांगजनों (I.D.,C.P., Autism & M.D.)/ छात्र और छात्राओं के लिए आवासीय स्कूल कैलाशी समर्थ-कम- घरौंदा केन्द्र का संचालन ग्राम- ध्यानीपुर, पो०- लोहरा, जि०- आजमगढ़, उ०प्र० में कोरोना काल में सरकार द्वारा जारी कोविड-19 की गाइड लाइन के अनुसार विशेष शिक्षक, फिजियोथेरेपिस्ट और केयर गिवर द्वारा सुचार रूप से संचालित किया जा रहा है | कोरोना काल में विद्यालय का संचालन जिलाधिकारी आजमगढ़ व चीफ मेडिकल आफीसर आजमगढ़ के निगरानी में समय – समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए किया जा रहा है |

B. **निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना :-**

इसके अंतर्गत संस्था द्वारा दिव्यांगजन (I.D.,C.P., Autism & M.D.) छात्र और छात्राओं के लिए एक लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली के द्वारा करायी जाती है | जिसमें संस्था द्वारा लगभग 09 दिव्यांगजन (I.D.,C.P., Autism & M.D.) बच्चों की स्वास्थ्य बीमा करायी गयी | संस्था के द्वारा लगभग 25 लोगों की स्वास्थ्य बीमा का रिनूअल भी कराया गया |

2. **विश्व स्वालीनता दिवस :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में आवासीय दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, आजमगढ़ में विश्व स्वालीनता दिवस (02.4.2020) को स्वालीनता के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन लगभग 35 लोगों की उपस्थित में किया गया |

3. **डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती 14.04.2020 को कैलाशी मानसिक दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में डॉ० भीमराव अम्बेडकर के फोटो पर माल्यार्पण करते हुये मनायी गयी | सुनीता देवी प्रबन्धक कैलाशी मानसिक दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया | रैली विद्यालय से ध्यानीपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुये अम्बेडकर पार्क तेजापुर में पहुँची, जहाँ पर डा० भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दिव्यांग

सुनीता
प्रबन्धक / सचिव
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर, पोस्ट-लोहरा, आजमगढ़ उ0प्र0

बच्चों ने फूल- माला चढ़ा कर बाबा जी को याद किये | रैली का समापन वापस आकर विद्यालय में किया गया जिसमे 55 लोग उपस्थित रहे | रैली में भाग लेने वाले सभी लोगों को संस्था की तरफ से जलपान कराया गया |

4. **वर्षा जल संचय कार्यक्रम :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में गोविन्दपुर में श्री मदन पाल के घर पर वर्षा के जल संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया | जिसमें लगभग 40 लोग उपस्थित रहे | ट्रेनर ने सभी को बताया कि वर्षा के जल को सुरक्षित रखने के लिए रुफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली का प्रयोग करना चाहिए | ट्रेनर ने उपस्थित लोगों को बताया कि रुफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली एक ऐसा उपकरण है जिसे छत के ऊपर लगाया जाता है | इसके द्वारा वर्षा के जल को जमीन के अन्दर सुरक्षित स्थान तक पहुँचा दिया जाता है | वर्षा का जल भूगर्भ में स्थित जल में मिल जाता है, जो बाद में हम लोगों के कार्य में आ जाता है |

5. **पॉलिथीन उन्मूलन कार्यक्रम :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में तेजापुर में श्री सभाजीत सिंह के घर पर वर्षा के जल संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया | जिसमें लगभग 35 लोग उपस्थित रहे | ट्रेनर ने सभी को बताया कि हमें पॉलिथीन का उपयोग कम से कम करना चाहिए ताकि हम पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचा सके | पॉलिथीन और प्लास्टिक गाँव से लेकर शहर तक लोगों की सेहत बिगाड़ रहे है | प्लास्टिक के गिलास में चाय या गर्म दूध के सेवन से उसका केमिकल पेट में चला जाता है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ हो जाती है | इसीलिए हमें पॉलिथीन का प्रयोग कम से कम करना चाहिये जिससे हम स्वास्थ्य रह सके |

6. **पर्यावरण प्रदूषण जागरूकता :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में पर्यावरण प्रदूषण जागरूकता कार्यक्रम दिनाँक (05-6-2020) को लगभग 50 लोगों की उपस्थित में मानसिक दिव्यांग विद्यालय में संस्था के ट्रेनर के द्वारा एक गोष्ठी व जागरूकता रैली के द्वारा आयोजन लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुए किया गया | जिसमें सर्व प्रथम ट्रेनर ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये अपना तथा कार्यक्रम का परिचय देते हुये बैठने के लिए उचित स्थान दिया | संस्था के ट्रेनर ने पर्यावरण प्रदूषण के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया | कार्यक्रम में आये हुये लोगों से कहा गया कि आप लोग पर्यावरण प्रदूषण बचाने के लिये वृक्ष अवश्य लगाएँ, क्योंकि वृक्ष ही वातावरण को शुद्ध बनाये रखते हैं | जिससे हमें सांस लेने के लिए शुद्ध वायु मिलती है तथा वृक्ष वर्षा होने में मदत करता है | संस्था के ट्रेनर उपस्थित लोगों को यह भी बताया कि वृक्ष लगाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है |

7. **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में तेजापुर हरिजन बस्ती में आशा, ग्रामीण महिला एवं अन्य लोगों के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर गोष्ठी दिनांक 03.07.2020 को की गयी | इस गोष्ठी में लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुए लगभग 60 लोगों को बेटियों की शिक्षा व कन्या भ्रूण हत्या पर ट्रेनर ने विस्तार पूर्वक सभी को समझाया |

8. **राष्ट्रीय पर्व :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में स्वतंत्रता दिवस 15.8.2020 के शुभ अवसर पर लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुए संस्था मुख्यालय व आवासीय विद्यालय ध्यानीपुर में तिरंगा झन्डा को लहराया गया | इस दौरान बच्चों ने रैली का भी आयोजन किया तथा अन्त में अपने विद्यालय में आकर

सुनीता
प्रबन्धक / सचिव
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर,पोस्ट-लौहरा,आजमगढ़(3090)

अपनी कलाओं का भी प्रदर्शन किया | जिसमें लगभग 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं, शिक्षक- शिक्षिका तथा संस्था के लोगों ने हिस्सा लिया |

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में 26-01-2021 को तिरंगा झण्डा लहराया गया | गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर रैली का आयोजन किया गया| रैली को संस्था के प्रबन्धक महोदया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करायी | सर्व प्रथम यह रैली दिव्यांग विद्यालय से संस्था मुख्यालय पहुँची, संस्था मुख्यालय से तेजापुर गाँव में पहुंची, वहाँ से प्राइमरी पाठ शाला तेजापुर में पहुँची, जहाँ पर सभी को संस्था द्वारा जलपान कराके रैली का समापन किया गया | इस रैली में लगभग 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं, शिक्षक- शिक्षिका तथा संस्था के लोगों ने हिस्सा लिया |

9. <u>गाँधी जयन्ती</u> :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयन्ती 02.10.2020 को कैलाशी मानसिक दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में गाँधी जी के फोटो पर माल्यार्पण करते हुये मनायी गयी | इस शुभ अवसर पर सुनीता देवी प्रबन्धक कैलाशी मानसिक दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर दिव्यांग बच्चों ने केक काट कर के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के जन्म दिन को मनाया | विद्यालय के शिक्षकों ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रपिता के किये गये कार्यों को याद करते हुए भी याद किये जिसमे 44 लोग लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुए उपस्थित रहे | गाँधी जयन्ती में भाग लेने वाले सभी लोगों को संस्था की तरफ से जलपान कराया गया |

10. उपभोक्ता जागरूकता कैम्प :-

इस वित्तीय वर्ष में लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये 10.11.2020 को संस्था के द्वारा सर्वोदय जू० हाई स्कूल कनैला में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम किया गया | इस कार्यक्रम में संस्था के ट्रेनर श्री सुमित कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि हम सभी को कोई भी सामान लेने के पश्चात उसकी बिल लेना चाहिए | जिसके कारण हमको सामान का रेट, वापसी के लिए सुबिधा, समान बनने का समय, सामान की एक्स्पायरी डेट का समय, समान बनाने वाली कम्पनी का नाम तथा समान की विक्री का प्रमाण लग सकेगा जिससे सरकार की निगरानी में समान बनाने वाली कम्पनी का समान बिकेगा | खास बात यह है कि सरकार की निगरानी में समान बिकने से सरकार की tax मिल सकेगा जिससे हमारे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा | इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ, विद्यालय के स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे |

11. <u>महिला अधिकार जागरूकता</u> :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में ध्यानीपुर में श्री गंगा प्रसाद के घर पर लगभग 40 लोगों की उपस्थित में दिनाँक (25-11-2020) को महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के स्टॉफ के द्वारा लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये कराया गया | विद्यालय के स्टॉफ ने सर्व प्रथम सभी को सम्मान पूर्वक उचित स्थान पर बैठाया | ट्रेनर ने महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, महिला के कार्य और महिलाओं की जिम्मेदारी को बताया | महिलाओं को समाज के प्रत्येक कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा लेने के लिए भी बताया गया | इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संस्था के द्वारा जलपान करा करके कार्यक्रम का समापन किया गया |

12. <u>एड्स जागरूकता</u> :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिनाँक (01-12-2020) को दिव्यांग विद्यालय में लगभग 45 लोगों की उपस्थित में एड्स जागरूकता पर एक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय के स्टॉफ के द्वारा लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये किया गया | ट्रेनर ने इस एड्स जागरूकता गोष्ठी में उपस्थित दिव्यांग बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में बताया गया |

सुनीता
प्रबन्धक / सचिव
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर, पोस्ट-लोहरा, आजमगढ़ (उ०प्र०)

संस्था के ट्रेनर ने लोगों को एड्स के बारे में बताया कि एड्स आधुनिक युग की एक बहुत ही गम्भीर और जानलेवा बीमारी है। जिसके फैलने के कारण निम्न हैं -

1. संक्रमित महिला के सम्पर्क में आने से ।
2. संक्रमित सुई का लगवाने से ।
3. सेविंग के समय संक्रमित बेलेट के प्रयोग से।
4. एड्स से ग्रस्त माँ के दूध को पीने से।
5. संक्रमित माँ के द्वारा जन्म लेने वाले बच्चे को।

इस दौरान बच्चों ने एड्स जागरूकता रैली का भी आयोजन किया।

## 13. विश्व दिव्यांग दिवस रैली :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में विश्व दिव्यांग दिवस के शुभ अवसर पर कैलाशी आवासीय दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर से रैली का आयोजन लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये किया गया। रैली का शुभ आरम्भ गाँव के समाज सेवी श्री राजाराम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली ध्यानीपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुये लोहरा पहुँची, वहाँ से तेजापुर में पहुँची। वहाँ पर संस्था के द्वारा उपस्थितसभी को जलपान कराके रैली का समापन किया गया। इस रैली में लगभग 60 लोगों ने हिस्सा लिया।

## 14. वार्षिकोत्सव :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में क्रिसमस डे के शुभ अवसर पर कैलाशी आवासीय दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में 8th वार्षिकोत्सव 25-12-2020 को लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये मनाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। अन्त में रैली समाप्त करने के बाद विद्यालय में दिव्यांग बच्चों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया तथा उपस्थित लोगों ने संस्था के द्वारा किये जा रही कार्यों पर अपना – अपना विचार विमर्श किये। जिसमें विद्यालय के दिव्यांग बच्चे, विद्यालय के स्टॉफ, अभिभावक, गाँव के लोग तथा अन्य सम्मानित लोग लगभग 100 लोगों ने हिस्सा लिया।

## 15. राष्ट्रीय न्यास दिवस :-

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय न्यास की स्थापना दिवस 31.12.2020 को कैलाशी मानसिक दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में मनाया गया। इस अवसर पर सुनीता देवी प्रबन्धक ने इस आयोजन में आये हुए सभी लोगों को राष्ट्रीय न्यास के द्वारा दिव्यांगों (I.D., C.P., Autism & M.D.) के लिए आयोजित सभी योजनाओं के बारें में बतायीं। इस आयोजन में लगभग 44 लोगों ने लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुए भाग लिया ।

## 16. सरस्वती पूजा :-

कैलाशी महिला विकास समिति ग्राम- ध्यानीपुर, पोस्ट- लोहरा, जिला- आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर में सरस्वती पूजा का आयोजन दिनांक 16-02-2021 को लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 100 लोगों की उपस्थित में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सरस्वती पूजन का आयोजन विद्यालय के समस्त दिव्यांग बच्चों, स्टॉफ, अभिभावक तथा अन्य लोगों की उपस्थित में किया गया।

## 17. बाल श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम :-

कैलाशी महिला विकास समिति ग्राम- ध्यानीपुर, पोस्ट- लोहरा, जिला- आजमगढ़ के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में पिपरी गाँव में श्री विन्ध्याचल के घर पर दिनांक 10-03-2021 को लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 40 लोगों की उपस्थित में बाल श्रमिक कल्याण

सुनीता
प्रबन्धक / सचिव
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर,पोस्ट-लोहरा,आजमगढ़ (उ0प्र0)

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेनर ने उपस्थित सभी लोगों को बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के लोगों से ही मजदूरी का कार्य करवाना चाहिए इससे कम उम्र के लोगों से मजदूरी का कार्य करवाना कानूनी अपराध है। अतः हमारे आस - पास में अगर कोई भी व्यक्ति या विभाग 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे से मजदूरी का कार्य करवाता है तो उसकी सूचना श्रम विभाग में देना चाहिए तथा उस स्थान पर मजदूरी करने वाले बाल श्रमिक को वहाँ से छुटकारा दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

**18. उर्दू जागरूकता कार्यक्रम :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में ग्राम पिपरी में मो०अनवर के घर पर ट्रेनर द्वारा उर्दू जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन दिनांक 15.03.2021 को लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 40 लोगों की उपस्थित में किया गया। जिसमें ट्रेनर ने बताया कि हमारे देश में उर्दू भाषा का भी ज्ञान सभी को होना चाहिए, क्योंकि उर्दू भाषा का शिक्षक कोई भी हो सकता है।

**19. तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में ग्राम लोहरा में श्री कमलेश के घर पर ट्रेनर द्वारा तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन दिनांक 17.03.2021 को लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 42 लोगों की उपस्थित में किया गया। जिसमें ट्रेनर ने सभी लोगों को बताया कि तम्बाकू पीना स्वाथ्य के लिए बहुत हानिकारक है। तम्बाकू पीने से एक स्वथ्य व्यक्ति को विभिन्न प्रकार की बिमारियां हो जाती है तथा तम्बाकू के प्रयोग से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी हो सकती हैं।

**20. वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम दिवस :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, आजमगढ़ में वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम दिवस (21.3.2021) को डाउन सिंड्रोम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 40 लोगों की उपस्थित में किया गया। संस्था द्वारा सभी को नास्ता कराके कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के दिव्यांग बच्चे और विद्यालय के स्टॉप मौजूद रहे।

**21. टी0 बी0 जागरूकता कार्यक्रम :-**

संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में दिव्यांग विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, आजमगढ़ में विश्व टी० बी० दिवस पर टी० बी० जागरूकता रैली का आयोजन लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये लगभग 45 लोगों की उपस्थित में किया गया। जिसमें टी०बी० जागरूकता रैली को श्रीमती सुनीता देवी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुये ध्यानीपुर, पिपरी और कनैला तक पहुँची, जहाँ पर संस्था द्वारा सभी को नास्ता कराके रैली का समापन किया गया। इस रैली में विद्यालय के दिव्यांग बच्चे, विद्यालय के स्टॉप और संस्था के स्टॉप मौजूद रहे।

**22. सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम :-**

सडक परिवहन, राजमार्ग मन्त्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से संस्था के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में आजमगढ़ जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जिलाधिकारी आजमगढ़ के आदेशानुसार लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत रैली, नुक्कड़ - नाटक, निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता तथा दीवाल पर श्लोगन लिखवाने का कार्यक्रम किया गया था। इस कार्यक्रम में ट्रेनरों के द्वारा बच्चों को निम्न बिन्दुओं पर समझाया जाता था –

सुनीता
प्रबन्धक / सचिव
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर, पोस्ट-लोहरा, आजमगढ़ (उ०प्र०)

- यातायात नियमों का पालन करें।
- कभी भी वहाँ चलाते समय नियमों का पालन करना चाहिए।
- यदि बात करना है तो वहाँ को साइड में रोकना चाहिए।
- दोपहिया वहाँ चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।
- यदि सड़क के नियमों को तोड़ाओगे तो दुनियाँ छोड़ना पड़ सकता है। आप की सुरक्षा ही आप के परिवार की सुरक्षा है।

**23. कोविड -19 जागरूकता कार्यक्रम :-**

इस वित्तीय वर्ष में संस्था द्वारा कोरोना नामक महामारी के बारे में लोहरा, ध्यानीपुर, पिपरी में ग्रामीण लोगों के घर पर लाक डाउन के नियमों का पालन करते हुये कैम्प लगा कर संस्था के ट्रेनरों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि -

- ♣ सभी लोगों को अपने प्रवेश द्वार पर साबुन व सेनेटाइजार रखना चाहिए।
- ♣ इस समय जो लोग बाहर से आ रहे है उन लोगों को घर के अंदर प्रवेश करने से पूर्व Covid -19 की जाँच कराने की सलाह दें।
- ♣ एक दूसरे से लगभग एक मीटर की दूरी पर रहा जाय।
- ♣ मास्क का प्रयोग किया जाय।
- ♣ घर से बाहर न घूमा जाय।
- ♣ सरकार के अपील का पालन किया जाय।
- ♣ साबुन से हाथ धोये।
- ♣ आवश्यकता पड़ने पर बाहर से समान लेकर आने पर अपने वस्त्र बाहर उतारें व स्नान के बाद अन्दर जाये।
- ♣ यदि कोई संक्रमित व्यक्ति की संभावना होती है तो तुरंत ही अधिकारियों को सूचित करें।

♣♣♣♣♣♣

सुनीता

सुनीता

प्रबन्धक / सचिव

कैलाशी महिला विकास समिति

ग्राम-ध्यानीपुर,पोस्ट-लोहरा,आजमगढ़(उ0प्र0)

# <u>2020-21</u>

## <u>फोटो युक्त प्रगति आख्या</u>

## कैलाशी महिला विकास समिति

## ग्राम- ध्यानीपुर, पोस्ट- लोहरा, जिला- आजमगढ़, उ०प्र०

09-4-2020 मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा समर्थ – कम- घरौंदा केन्द्र में विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक गतिविधि करते समय का फोटो ग्राफ –








14-04.2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा अम्बेडकर जयन्ती मनाते समय का फोटो ग्राफ –






02-06.2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों को एक्सरसाइज करते समय का फोटो ग्राफ –





05-06.2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा वृक्षारोपण करते समय का फोटो ग्राफ –






21-06.2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते समय का फोटो ग्राफ –





20-07-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा फुटबाल खेलते समय का फोटो ग्राफ –





03-08-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा रक्षा बन्धन त्यौहार मनाते समय का फोटो ग्राफ –




20-07-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा खो- खो खेलते समय का फोटो ग्राफ –




15-8-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वत्रंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रैली निकालते समय का फोटो ग्राफ –





05-09-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस मनाते समय का फोटो ग्राफ–






17-9-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा विश्वकर्मा पूजा मनाते समय का फोटो ग्राफ –







03-12-2020 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग जागरूकता रैली निकालते समय का फोटो ग्राफ –







08-01-2021 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर रैली निकालते समय का फोटो ग्राफ –



# छात्र-छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा पर जागरुकता रैली

## निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट छात्रों को किया गया पुरस्कृत

रैली निकालते छात्र-छात्राएं।

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** सड़क परिवहन और राज मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से आज कैलाशी महिला विकास समिति ध्यानीपुर लोहरा, द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक रैली का आयोजन सर्वोदय चिल्ड्रेन स्कूल रामपुर, कनैला में किया गया। रैली को शिवानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सड़क सुरक्षा पर निकाली गयी रैली कनैला, गोविंदपुर, रामपुर के विभिन्न मार्गो से होती हुई आरएस मेमोरियल हाई स्कूल अतरौलिया पहुंची। जहां सड़क सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगो को सम्मिलित किया गया। जिसमें संगम यादव, प्रतीक्षा, मौसम, ईशा, रिया यादव, संयोगिता, ओम, प्रियंका विश्वकर्मा, रागिनी, शैलजा मौर्या, को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवनारायण वर्मा ने विजेताओं को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया। इस मौके पर योगेंद्र, विजयमणि, रेनु, नितिन, वीर बहादुर, मनीष चंद्र, विजय तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे। तथा कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार यादव ने किया।



# सड़क सुरक्षा पर निकाली गई रैली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नैतिक आवाज ब्यूरो

अतरौलिया/ आजमगढ़। सड़क परिवहन और राज मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से गुरूवार को कैलाशी महिला विकास समिति ध्यानीपुर लोहरा द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक रैली का आयोजन सर्वोदय चिल्ड्रन स्कूल रामपुर, कनैला में किया गया। इस रैली को शिवानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कनैला, गोविंदपुर, रामपुर के विभिन्न मार्गों से होती हुई निकाली गई। इसी क्रम में आर एस मेमोरियल हाई स्कूल अतरौलिया में सड़क सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगो को सम्मिलित किया गया।

जिसमें संगम यादव, प्रतीक्षा, मौसम, ईशा, रिया यादव, संयोगिता, ओम, प्रियंका विश्वकर्मा, रागिनी, शैलजा मौर्या, को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवनारायण वर्मा ने विजेताओं को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया। इस मौके पर योगेंद्र, विजयमणि, रेनू, नितिन, वीर बहादुर, मनीष चंद्र, विजय तिवारी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार यादव ने किया।

10-01-2021 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा धार्मिक स्थल पर मेला घुमाते समय का फोटो ग्राफ–







07-02-2021 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा अलाव तपाते समय का फोटो ग्राफ –





16-02-2021 को मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा बसन्त पञ्चमी के शुभ अवसर पर पूजा करते समय का फोटो ग्राफ –





सुनीता
प्रबन्धक
कैलाशी महिला विकास समिति
ग्राम-ध्यानीपुर पो०-लोहरा, जिला-आजमगढ़ (उ०प्र०)